तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023

10 योग शरीर को स्वास्थ्य रखने की कला



10 कलीराम डीएवी स्कूल में दास्तान-ए-शहादत का शानदार मंचन



## खबर संक्षेप

### जींद : जिला परिवेदना समिति की बैठक आज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि वीरवार को बाद दोपहर तीन बजे स्थानीय डीआरडीए हॉल में जिला परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह करेंगे। उन्होंने बैठक से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में समय पर पहुंचे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**कैथल।** कैथल में चंदाना गेट रेलवे फाटक के निकट रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। समाचार लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं पाई थी। युवक की आयु करीब 25 साल बताई गई है तथा कद करीब साढ़े पांच फीट के करीब है।

### नवोदय परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छह में प्रवेश हेतु नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2024 के लिए एडमिट कार्ड नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर जाकर डाउनलोड कर सकते है। किसी को परेशानी आ रही है तो वह नवोदय विद्यालय में आकर अपना एडमिट कार्ड निकलवा सकता है।

### सड़क हादसे में चाचा और भतीजा घायल

**कैथल।** जिले के गांव जाखोली में सड़क हादसे में चाचा भतीजा घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। जाखोली के महेंद्र ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब वह उसकी चाची कांता को बाइक पर लेकर जा रहा था तो एक अज्ञात ट्रक चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह तथा उसकी चाची कांता बुरी तरह से जख्मी हो गई।

### दाबन खेड़ी में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** जिले के गांव दाबन खेड़ी में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। हरचंदपुर के बिरसा सिंह ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 दिसंबर को प्रकाश सिंह आदि ने मिलकर उसे डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

## कैथल: ट्रैक्टर ट्राली में बस ने मारी टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल, सफीदों में हांसी-बुटाना ब्रांच नहर में गिरी कार

# कोहरे का कहर: 2 नाबालिग बच्चों की मौत

### जींद में दृष्यता पांच मीटर तक सिमटी, वाहन चालक लाइट जलाकर चले एक दूसरे के पीछे, फसलों के लिए लाभदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/कैथल

बुघवार तड़के गहरे कोहरे व धुंध के चलते चीका पटियाला स्टेट हाई वे पर सड़क दुर्घटना में 2 नाबालिग बच्चों की मौत हो गई। मरने वालों में बिहारी के मजदूरों के परिवार का एक लड़का (12) व एक लड़की चांदनी (13)बताई है। जानकारी के अनुसार पटियाला रोड से ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर व ट्राली चीका की तरफ आ रहे थे परंतु इसी बीच उपरोक्त दोनों बच्चों ने ट्राली चालक से उन्हें भी बिठाने की गुहार लगाई, जिस पर ट्राली चालक ने बीच सड़क के ही ट्राली रोक दी और दोनों बच्चे ट्राली के पीछे से ट्राली में चढ़ने का प्रयास करने लगे परंतु दुर्भाग्यवश पीछे से समाना से दिल्ली वाया चीका जाने वाली बस आ गई और धुंध के चलते बस का ड्राइवर इस बात का अनुमान नहीं लगा सका कि सड़क के बीचोंबीच ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी नतीजतन बस पीछे से ट्राली से टकरा गई और दोनों बच्चे बस ट्राली के बीच आ गए दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। दुर्घटना के चलते बस में बैठे करीब आधा दर्जन लोगों को भी चोटें आई। घायल लोगों में रोशन समाना, किरण कपूर समाना, गुरमीत समाना, बलजिंद्र गांव बनेड़ा व राजवंत कौर गांव गुमथला गढ़ू शामिल हैं। जानकारी के अनुसार लोगों की सूचना पर डायल 112 पुलिस की गाड़ी आई और लोगों की सहायता से घायलों को सनातन धर्म महावीर दल अस्पताल चीका में भर्ती करवाया और मृतकों को गुहला के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया डॉ संजीव गोयल ने बताया के एंबुलेंस से दो घायलों को गुहला अस्पताल लेकर आया था जिनकी पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी हमने पुलिस को सूचना दे दी है। उधर महावीर दल अस्पताल में भर्ती करवाए लोगों को मामूली चोटें लगने के चलते उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। एसएचओ चीका ने दोनों की मौत की पुष्टि करते बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर बस व ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लेकर दोनों मृत बच्चों को पोस्टमार्टम के लिए कैथल भेज दिया।



कैथल। दुर्घटना के बाद सड़क पर एकत्रित लोग। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार को बाहर निकालती जेसीबी व स्थानीय लोग। फोटो :हरिभूमि

### होटल कर्मचारियों ने ड्राइवर को नहर से निकाला

**सफीदों।** सफीदों क्षेत्र में पिछले कई दिनों धुंध अपना कहर ढहा रही है। इस धुंध का कहर बुधवार को उस वक्त देखने को मिला जब एक कार सफीदों की हांसी-बुटाना ब्रांच नहर में उतर गई। गनीमत तो यह रही कि समय रहते ड्राईवर को आसपास स्थित होटल कर्मचारियों व ट्रक ड्राईवरों की मदद से बाहर निकाल लिया गया। सुबह गाड़ी को जेसीबी की मदद से नहर से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि कार को तो काफी नुकसान पहुंचा है लेकिन कार चालक सेवा सिंह निवासी जामनी पूरी तरह से सकुशल है। मिली जानकारी के अनुसार सफीदों उपमंडल के गांव जामनी का सेवा सिंह नियमित अपने काम से पानीपत जाता है। वह हर रोज की भांति अपनी गाड़ी में रात को पानीपत से सफीदों आ रहा था कि जैसे हर वह नगर के पानीपत रोड स्थित चीमा ढाबा के पास पहुंचा तो अधिक धुंध के कारण उसे कुछ दिखा नहीं और उसकी कार ढाबे के साथ लगती हांसी-बुटाना नहर में उतर गई। कार चालक को उस वक्त पता चला जब उसकी कार नहर में उतर गई। कार में जब पानी भर गया तो सेवा सिंह ने कार की खिड़की खोलकर बचाओं-बचाओ की आवाज लगाई। बचाओ-बचाओं की आवाज सुनकर पास के होटल के कर्मचारी और वहां पर रूके हुए ट्रक ड्राईवर नहर की तरफ दौड़ पड़े। उन्होंने काफी प्रयास करके सेवा सिंह को रात में ही नहर से बाहर सकुशल निकाल लिया। उसके बाद सुबह जेसीबी की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला गया। इस घटना में कार को काफी नुकसान पहुंचा है।



जींद। धुंध के बीच से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

### जींद : धुंध और कोहरे ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, दोपहर को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में मौसम के और सर्द होने के साथ धुंध तथा कोहरे ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त किया हुआ है। जिसका असर जनजीवन तथा यातायात के साधनों पर साफ देखने को मिल रहा है। बुधवार को घनी धुंध तथा कोहरे के कारण दृष्यता पांच मीटर तक सिमट गई। वाहन एक-दूसरे के पीछे लाइट जला कर चलते दिखाई दिए। कुछ बड़े वाहन सडकों के किनारे इंडीकेटर जलाए भी खडे. देखे गए। हवा की गति कुछ तेज होने पर दोपहर को हालात सामान्य हुए। आंशिक कोहरा वातावरण में फिर भी बना रहा। घनी धुंध तथा कोहरे का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 62 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल धुंध तथा कोहरे से राहत मिलने के कोई आसार नही है। बुधवार को दिन का आगाज घनी धुंध तथा कोहरे के साथ हुआ। हवा की गति काफी मंदी रही लेकिन ठंड से कंपकपी छुटती रही। हालात यहां तक रहे कि पांच मीटर दूरी तक भी दिखाई नही दे रही था। वाहन एक दूसरे के पीछे लाइट जला कर सड़कों पर लाइन में चलते दिखाई दिए। कुछ स्थानों पर सड़क किनारे ट्रक तथा ट्राले भी इंडीकेटर जला कर सड़क किनारे खडे. दिखाई दिए। हवा की गति कुछ तेज होने पर दोपहर को धुंध तथा कोहरा छंटा लेकिन आशिक असर दोपहर बाद मे बना रहा।

#### और बढ़ेगी ठंडः राजेश

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि धुंध तथा कोहरा फसलों के लिए फायदेमंद है। किसान ठंड को देखते शाम को फसलों की सिंचाई करें। फिलहाल धुंध तथा कोहरे से राहत के आसार नही हैं। आगे ठंड ओर बढेगी और तापमान में भी गिरावट आएगी।

## नरवानाः नप में मांगों को लेकर 13वें दिन पार्षदों का धरना जारी

### अधिकारियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कस्बे के नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला की अध्यक्षता में मांगों को लेकर 13 वें दिन भी पार्षदों का धरना जारी रहा। नप पूर्व प्रधान व पार्षद प्रतिनिधि कैलाश सिंगला ने कहा कि अब नगर परिषद में कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। यदि जल्द रद किए टेंडरों को नहीं लगया तो शहर के मुख्य मार्गों पर प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया जाएगा। जिसके बाद की सारी जिम्मेदारी नप प्रशासन व स्थानीय प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्योंर् के जो करोड़ों रूपए के टेंडर रद्द किए गए हैं वह दोबारा से लगाए जाए ताकि शहर में सभी पार्षद अपने-अपने वार्ड में अच्छे से कार्योंर् को करवा सकें। जिन टेंडरों को अपलोड होने के बाद रद्द करवाया गया है उसमें नप प्रशासन व अधिकारियों की आपस में मिली भगत है। क हीं ना कहीं नप प्रधान भी टेंडर को रद करवाने में पूरी तरह से जिम्मेदार है। क्योंकि अब इन दिनों जो विकास कार्यों के टेंडर लगवाए जा रहे हैं वह शहर के कुछ वार्ड के पार्षदों के ही लगाए जा रहे हैं। बुधवार को धरने पर बैठे पार्षद आशुतोष शर्मा, पार्षद डा संजय पार्षद गर्ग, दिनेश आदि मौजूद रहे।



नरवाना। नप कार्यालय में धरने पर बैठकर नारेबाजी करते नगर पार्षद।

### अंडरपास की मांग को जल्द पूरा करे सरकार

**कैथल।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने जल्द ही कमालपुर गांव में पूर्व की भांति रास्ते के अनुसार अंडरपास बनाने की मांग को पूरा नहीं किया गया तो संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के बैनर तले प्रदेश स्तरीय कड़ा आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। जनपद के गांव कमालपुर व किठाना गांव की सीमाओं के पास से कटरा-दिल्ली हाई-वे के नीचे से अंडरपास बनाए जाने की मांग को लेकर बुधवार को भाकियू के शिष्ट मंडल ने जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार को स्थानीय जिला सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों की इस मांग का समाधान किए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि गांव कमालपुर के पास से निमार्णाधीन कटरा-दिल्ली हाई-वे के नीचे से अंडरपास बनाने की मांग को लेकर करीब 15 दिनों से कई गांवों के सैंकड़ों ग्रामीण लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे है। आरोप है कि आंदोलनकारी ग्रामीणों की इस मांग को शासन व प्रशासन की ओर से अनसुना किया जा रहा है।

## अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

- गांव शेरगढ़ में पनप रही अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से नियंत्रित क्षेत्र कैथल के अंतर्गत पड़ने वाली राजस्व संपदा शेरगढ़ में पनप रहा अवैध निमार्णाधीन व्यवसायिक भवन पर तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को हटाने के लिए जे.सी.बी. मशीन सहित घटना स्थल पर पहुंचा और अवैध रूप से बनाए गए भवन को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में शेरगढ़ में भू-मालिको द्वारा बिना विभागीय अनुमति के निर्माण करने का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को पीएसआर एक्ट 1963 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा न तो मौके पर बनाई जा रही अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया।



कैथल। शेरगढ़ में अवैध कालोनी को ढहाती जेसीबी मशीन।

**प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएंः** इस मौके पर जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों को आगाह किया गया कि वह सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट आदि नहीं खरीदे तथा ना ही किसी प्रकार का निर्माण करें। जमीन की खरीद करने से पहले इस कार्यालय से कॉलोनी की वैधता/ अवैधता बारे पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें।



विधायक रणधीर गोलन जांबा में सामुदायिक हाल का शिलान्यास करते।

## 42 लाख से बनेगा जाम्बा में सामुदायिक हॉल : विधायक

- विधायक रणधीर गोलन का गांववासियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विधायक रणधीर गोलन का गांव जाम्बा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। विधायक रणधीर सिंह गोलन ने गांव जाम्बा में 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक हॉल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि गांव 42 लाख रुपये की धनराशि से जाम्बा में एक भव्य हॉल बनवानें का काम करेंगे ताकि गांव वासियों को सहुलियत हो सके। विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि आज हम सबके लिए यह बड़े गौरव की बात है कि प्रत्येक दिन हमारा पूण्डरी हल्का दिन दूनी रात चौगुणी गति से तरक्की कर रहा है। पूण्डरी हल्के में चार चांद लग रहें हैं। बेशक किसी भी गांव की हम बात कर ले हर एक जगह रिकार्ड कार्य चल रहें हैं। रणधीर गोलन ने कहा कि मैं हर समय अपनें हल्के के कार्यों के प्रति लगनशील रहता हूं। कुछ साथी जो मेरी दिनचर्या देखतें है उनको तो पता भी है किस प्रकार दफ्तरों में कार्य करवानें को लेकर घूमता रहता हूं। यहां तक कि मैं तो एक मिनट भी जाया नहीं करना चाहता बस यही प्रयास रहता है कैसे भी करके अपनें पूण्डरी हल्कावासियों के लिए ज्यादा से ज्यादा कर सकूं। इस मौके पर रामकुमार, अजीत सिंह, प्रकाश, संजीव, ईश्वर, राजिंद्र, बलजिंद्र सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर बच्चों को दी जानकारी

जींद। वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में बच्चों को वीर बाल दिवस से अवगत करवाया गया। बाल दिवस के उपलक्ष में बच्चों को चार साहिबाजादे की फिल्म दिखाई गई। यह फिल्म पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को दिखाई गई। फिल्म से छात्रों को दृढ़ संकल्प पर अडिग रहने के लिए प्रेरणा मिली। प्राचार्या सुकृति शर्मा ने बच्चों को दृढ़ निश्चय का संकल्प करवाया

### भाषा उत्सव में प्रस्तुत की शिक्षाप्रद कहानियां

जींद। आधारशिला पब्लिक स्कूल में तीसरी व चौथी कक्षा के छात्रों के लिए कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की निदेशिका अंजू सिहाग ने की। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कहानी के स्वरूप मॉडल भी तैयार किए और कहानी सुनाते समय प्रस्तुत भी किए। छात्रों ने बहुत ही शिक्षाप्रद कहानियां प्रस्तुत की। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वयं को मंच पर कैसे प्रस्तुत करना था।

### दो युवतियों समेत तीन लोग लापता, केस दर्ज

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों तथा महिला के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है।सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 13 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं उचाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### सट्टा खाईवाल करते दो काबू, नकदी बरामद

जींद। जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाल करते दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से लगभग साढे.दस हजार रुपये की नगदी को बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव दनौदा कलां निवासी सुधीर सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते उसे काबू कर लिया।

### राजयोग ब्रहमाकुमारी सेंटर से सामान चोरी

जुलाना। जुलाना कस्बे के वार्ड 6 में स्थित राजयोग ब्रह्माकुमारी सेंटर का चोरों ने ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सेंटर की संचालिका बीके अनिता ने बताया कि वह रात को जुलाना से माउंट आबू सेंटर पर गई थी। रात को सेंटर पर कोई नही था। रात को चोरों ने सेंटर में घुसकर एक स्कूटीए सोने की चैन और लगभग पांच हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के बयान पर जताई आपति

जींद। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान द्वारा जाट समाज के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर जागलान विकास मंच की बैठक एक निजी संस्थान में हुई। इसमें प्रधान महेंद्र सिंह जागलान व कृष्ण रामगढ़ ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने जाट समाज के प्रति विवादित टिप्पणी की है। इसमें उन्होंने देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को लेकर बयान में कहा है कि झुका हुआ जाट व टूटी खाट किसी काम की नहीं होती।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

जींद। गांधी नगर नरवाना में चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी तथा सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सज्जन ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर सामान तथा सात हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### हमला करने पर बाप-बेटा नामजद

जींद। गांव खरकगागर में हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने बाप बेटा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव खरकगागर निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के चरण सिंह से कहासुनी हो गई थी। जब शाम को वह घर वापस लौट रहा था।

---

#### जींद शहर के रोड नेटवर्क को मजबूत करने की कवायद

# छह माह में शहर की सड़कों का 25 करोड़ से होगा सुधारीकरण : मिड्ढा

### विधायक ने अधिकारियों से कहा- विकास कार्यों की गुणवत्ता में कोई कोही न बरती जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। हुडा मार्केट में चला सड़क निर्माण कार्य और इंजीनियर इन चीफ के साथ बैठक करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

- इंजीनियर इन चीफ से मिल शहर की छह सड़कों का पुर्ननिर्माण करवाने को कहा

शहर के रोड नेटवर्क को मजबूत करने के लिए जींद के भाजपा विधायक लगातार प्रयासरत हैं। इसी को लेकर जींद भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने चंडीगढ़ में इंजीनियर इन चीफ राजीव यादव व चीफ इंजीनियर तोमर से मुलाकात की और शहर की छह सड़कों का पुर्ननिर्माण करवाए जाने के लिए कहा ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इंजीनियर इन चीफ राजीव ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़कों का पुर्ननिर्माण करवाया जाएगा।

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि निर्जन से मांडो सड़क, रानी तालाब से सफीदों गेट वाया एसडी स्कूल सड़क को सीसी से, पटियाला चौक से नरवाना रोड वाया क्राइस्ट राजा पब्लिक स्कूल, पटियाला चौक से रामा कृष्णा मंदिर रेलवे जंक्शन, जलालपुर कलां रेलवे क्रॉसिंग से ईक्कस वाया जिप्सम फैक्टरी, जींद-सफीदों रोड से पिंडारा रोड सड़क व संगतपुरा से अपोलो रोड सड़क का पुर्ननिर्माण करवाया जाए। इसके साथ ही देवीलाल चौक से रोहतक रोड बाईपास सड़क की स्पेशल रिपेयर करवाई जाए।

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि शहर की सड़कों का सुधारीकरण लगभग 25 करोड़ की लागत से किया जाना है। पहले फेज के कार्य चले हुए हुए हैं और अब उनका प्रयास है कि जल्द से जल्द इस राशि से दूसरे फेज से भी कार्य शुरू करवाए जाएं। इसी को लेकर उन्होंने इंजीनियर इन चीफ राजीव यादव से मुलाकात की और छह सड़कों का पुर्ननिर्माण करवाए जाने के लिए कहा है। जल्द ही छह सड़कें के पुर्ननिर्माण की मंजूरी भी मिल जाएगी और फिर उस पर कार्य शुरू करवाया जाएगा। सड़कों के मामले में शहर के लोगों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने अधिकारियों से स्पष्ट किया कि विकास कायोंर् की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरती जाए। विकास कार्यों के लिए जो समयसीमा निर्धारित की गई है, उसे तय समय में पूरा करवाया जाए।

#### हुडा मार्केट, शॉपिंग सेंटर सड़क का निर्माण कार्य जोरों पर

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि इस समय शहर में अर्बन एस्टेट स्थित जिला शॉपिंग सेंटर में 182.53 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क तथा डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट में 65.16 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का निर्माण कार्य जोरों से चला हुआ है। विधायक ने कहा कि शहर की सड़कों का सुधारीकरण लगभग 25 करोड़ की लागत से किया जाना है। उनका प्रयास है कि यह कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाए जाएं। सड़कों के मामले में शहर के लोगों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। जींद शहर की सीवरेज व्यवस्था के लिए 8.21 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा दी जा चुकी है। विधायक ने अधिकारियों से स्पष्ट किया कि विकास कायोंर् की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कोई कोताहि न बरती जाए। विकास कायोंर् के लिए जो समयसीमा निर्धारित की गई हैए उसे तय समय में पूरा करवाया जाए।

---



जींद। यात्रा के दौरान जानकारी हासिल करते हुए कर्मवीर सैनी।

## लोगों को घर पर मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ : कर्मवीर सैनी

- अधिकारियों ने मौके पर ही किया लोगों की समस्याओं का समाधान
- जयपुर तथा छाप्पर गांव में लोगों को बांटे गैस सिलेंडर, बीपीएल कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को छापर तथा जयपुर गांव में पहुंची। इसमें 200 से अधिक लोगों को मौके पर ही बीपीएल कार्डए आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, गैस सिलेंडर दिए गए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि लोगों को उनके घर द्वार पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने लोगों को विकसित भारत का संकल्प भी दिया। मौके पर अनेक विभागों ने स्टॉल लगाकर ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, महिला विकास एवं बाल कल्याण, पंचायत विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभागए कृषि विभागए पशुपालन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कर्मवीर सैनी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए यह यात्रा किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनते हैं और उनका मौके पर ही समाधान करते हैं। परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां भी मौके पर ही ठीक की जा रही हैं। सैनी ने कहा कि पीएम मोदी तथा सीएम मनोहरलाल द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। अब अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने का समय बीत चुका है। अब सब कुछ घर बैठे ऑनलाइन ही मिल रहा है। ऑनलाइन सभी समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसका रिकार्ड खुद प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री देखते हैं। आजादी के बाद पहली बार केंद्र व प्रदेश में ऐसी सरकारें बनी हैं जो गरीब से गरीब व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही हैं। हर व्यक्ति आज इस सुशासन से पूरी तरह संतुष्ट नजर आ रहा है।

#### गणमान्य लोग मौजूद

छाप्पर गांव के सरपंच सरदार जसपाल, पंच जगदीश सिंह, संदीप कौर, मनिंद्र, कोमल, प्रीति, मोहन सिंह, सोनिया देवी, मिंटू, दीपा, रतन सिंह, श्यामलाल, सोनिया देवी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## बालाजी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल का शुभारंभ

- पिल्लूखेड़ा में गंभीर मरीजों को भी मिलेगी उपचार की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अस्पताल के शुभारंभ पर पहुंचे एमडी देवेंद्र सहरावत।

पिल्लूखेड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ देने के लिए बालाजी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल का शुभारंभ किया गया है। अस्पताल का शुभारंभ एमडी देवेंदर सहरावत ने किया। डा. देवेंद्र सहरावत ने बताया कि पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के आसपास कोई भी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल नहीं था। इसी को ध्यान में रख कर बालाजी अस्पताल की एक ब्रांच को पिल्लूखेड़ा मंडी में शुरू किया गया है। बालाजी अस्पताल में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। कोई भी बड़ी सड़क दुर्घटना, डिलीवरी हो बालाजी अस्पताल में इस प्रकार की सुविधा 24 घंटे प्राप्त होगी।

यहां पर सभी कंपनियों के पैनल भी उपलब्ध होंगे। जिसकी तहत यहां पर इलाज करवाया जा सकता है। देवेंद्र सहरावत ने सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा शहर से आए गणमान्य लोगों को अस्पताल का निरीक्षण कराया और यहां दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, पूर्व विधायक जसवीर देशवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा, जेजेपी नेता परविंद्र, अरुण खर्ब, सरपंच अजीतपाल, विजेंद्र ढांडा, नरेंद्र सहरावत, पूर्व सूबेदार मेजर राजेंद्र, अजय मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर मजदूरों ने रोष प्रदर्शन

जींद। निर्माण मजदूरों व मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला कमेटी जींद के आह्वान पर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मांगों का ज्ञापन डीसी के नाम सौंपा और उपायुक्त के साथ यूनियन के प्रतिनिधियों ने बातचीत की। डीसी ने समस्याओं के समाधान बारे एक सप्ताह के अंदर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन से पहले निर्माण मजदूर जींद के नेहरू पार्क में इकट्ठे हुए और एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान कश्मीर सेलवाल व संचालन जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि निर्माण मजदूरों ने तीन-तीन, चार-चार साल से अपनी बेटियों की शादी सहायता, कन्यादान सहायता, मातृत्व-पितृत्व सहायता, मजदूर की मृत्यु के बाद परिवार को मिलने वाली मृत्यु सहायता, बच्चों की छात्रवृत्ति सहायता इत्यादि के आवेदनों पर अनाप-शनाप आपत्तियां लगाकर रद्द किया गया है। जींद के श्रम कार्यालय में तो कोई अधिकारी ही नहीं है।

## योग शरीर को स्वास्थ्य रखने की कला

- अटल पार्क में हुआ अंतरराष्ट्रीय महिला योग शक्ति दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी को सम्मानित करते हुए ईफा अकेडमी के चेयरमैन एसके मिश्रा व नेहा शर्मा।

अटल पार्क में अंतरराष्ट्रीय महिला योग शक्ति दिवस को लेकर भारतीय योग संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया । मुख्यअतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि ईफा अकादमी के चेयरमैन एसके मिश्रा व नेहा शर्मा रहे। चेयरमैन एसके मिश्रा व नेहा शर्मा ने नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी को सममानित किया। डा. अनुराधा सैनी ने योग को अपने जीवन में अपनाते नित्य योग करने का आह्वान किया। संबोधित करते ईफा अकादमी के चेयरमैन एसके मिश्रा व नेहा शर्मा ने कहा कि योग शरीर को स्वास्थ्य रखने की कला है। योग क्रियाओं को अपनाकर हम अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं। आज मनुष्य तरह-तरह की बीमारियों से ग्रस्त है जिसका प्रमुख कारण बदल रहा खानपान है। जब तक हम अपने स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण रूप से गंभीर नहीं होंगे तब तक शरीर बीमारियों का घर बना रहेगा। नेहा शर्मा ने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि वे सुबह एवं शाम योग के लिए समय निकाले ताकि वे अपने आप को स्वस्थ्य रख सकें। उन्होंने कहा कि योग करने से मोटापा, कैंसर, घूटनों में दर्द, पैरों में दर्द आदि बीमारियां ठीक हो जाती हैं।

---



जींद। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों के मार्गदर्शन में अध्यापक अहम : सुभाष ढिगाना

जींद। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता सुभाष ढिगाना ने कहा कि अध्यापक बच्चों के मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाते हैं। स्व. मास्टर समुंद्र सिंह मलिक के संदेश नर सेवा ही नारायण सेवा को अपने जीवन में धारण कर के बच्चे आगे बढ़ते रहें और अपना मुकाम हासिल करते रहें। सुभाष ढिगाना बुधवार को स्व. मास्टर समुंद्र सिंह मलिक की दूसरी पुण्यतिथि पर शहीद दलबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल गांव निडानी में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता व सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश चौहान ने कहा की बच्चों को कामयाब होने के लिए सर्वप्रथम अपने गुरुजनों के बताए हुए मार्गदर्शन पर चलना चाहिए। गुरु बिना आजतक कोई बच्चा कामयाब नही हुआ है। सभी बच्चों को अपने गुरुजनों सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उनके पुत्र पूर्व जिला पार्षद अमित निडानी ने कहा कि उनके पिता जी हमेशा बच्चों को कामयाब करने के लिए अपने जीवन को समर्पित किया हुआ था। अब वह भी उनके उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए लगे हुए हैं।

## योजनाओं के प्रति किया प्रेरित

- गांव खरकबूरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीईओ डा. किरण सिंह को आर्शीवाद देते हुए। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय योजनाओं का लाभ गांव-गांव पहुंचा रही है। बुधवार को जिला के उचाना खंड के खरकबूरा गांव में आगमन पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. किरण सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उपस्थित जन समूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ऑनलाइन माध्यम से जारी लाइव प्रसारण भी देखा। सीईओ डा. किरण सिंह ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। यात्रा के तहत किसान से लेकर छात्रों तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी व्यक्ति इन योजनाओं से संबंध रखता है, उन्हें योजना का लाभ यदि किसी को नहीं मिला है, तो उनका मौके पर ही फार्म भरवाकर उन्हें योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करवाना है।



विजेता खिलाड़ी डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी के साथ।

### तलवारबाजी में छाए डीएवी स्कूल के खिलाड़ी

जींद। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के तलवारबाजी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व कांस्य पदक प्राप्त कर अपना वर्चस्व स्थापित किया। डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि 18वीं कैडेट राष्ट्रीय स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 19 से 22 दिसंबर को गुजरात के मेहसाणा जिले में संपन्न हुई। इसमें जींद से डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपना दबदबा बनाए रखा व प्रतियोगिता में अनेक पदक प्राप्त किए। इसमें फॉयल इवेंट में कुमारी प्राची ने एकल व टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व कुमारी दीपांशी ने एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में कुमारी खुशी ने टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया और पूरे देश में अपने विद्यालयए अपने जिले और अपने रा'य का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बच्चों का चयन एशियन चैंपियनशिप के लिए भी हुआ। इस अवसर पर डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने सभी अभिभावकों, खिलाड़ियों, कोच दिनेश कुमार व वीणा सैनी को बधाई दी।

---

#### शहीदों की शहादत को नमन किया

## कलीराम डीएवी स्कूल में दास्तान-ए-शहादत का शानदार मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद






जींद। दास्तान-ए-शहादत का मंचन करते कलाकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए।

कलीराम डीएवी पब्लिक स्कूल सफीदों में गुरु गोविंद सिंह के त्याग और बलिदान से लेकर बंदा सिंह बहादुर तक की जीवन यात्रा पर आधारित नाटक हरियाणा और पंजाब के कलाकारों द्वारा दास्तान-ए-शहादत प्रस्तुत किया गया। इसमें गुरु गोविंद सिंह के बच्चों को दीवार में चिनवाने का अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया गया जिसे देखने के लिए सफीदों ही नहीं आसपास के गांव से भी भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने गुरु गोविंद सिंह की शहादत को अद्वितीय बताते हुए कहा कि स्कूलों में वार्षिक उत्सव जैसे कार्यक्रम स्कूल की गतिविधियां दिखाने के लिए किए जाते हैं परंतु देश और धर्म के लिए बलिदान देने वालों की कहानी बताने वाला समारोह स्कूलों के द्वारा बहुत कम प्रस्तुत किया जाता है। जबकि ऐसे समारोह की अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जींद से जो मुहिम चली वह आज अंतरराष्ट्रीय हो गई है। वह कौम सदा जिंदा रहती है जो अपने शहीदों को याद रखती है, इस विषय में सिखों का उदाहरण सबके सामने है। यह बहादुर कौम धर्म की रक्षा के लिए स्थापित हुई है जिसे यह बड़ी तत्परता के साथ निभा रहे हैं। डीएवी संस्थाओं के निदेशक और जींद में वीर बाल दिवस की आवाज उठाने वाले डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की बात का समर्थन करते हुए कहा कि इस कौम ने त्याग और बलिदान के द्वारा धर्म की रक्षा की है। आज वह सेवा और परोपकार के द्वारा समस्त मानवता की सेवा कर रहे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुद्वारा सिख प्रबंध समिति की सदस्य बीवी परमिंदर कौर ने खुले मन से प्रधानमंत्री द्वारा वीर बाल दिवस की घोषणा किए जाने की प्रशंसा की।

#### ये रहे मौजूद

सुखमनी सेवा समिति जींद के अध्यक्ष जत्थेदार गुरजिंद्र सिंह, कलीराम डीएवी पब्लिक स्कूलए सफीदों की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी, सुनीता कंधवाल, कृष्ण, संजीव प्रभाकर, रामकिशन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



जींद। गौभक्तों द्वारा पकड़ी गई पिकअप गाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### गोभक्तों ने गोवंश से भरी पिकअप गाड़ी को पकड़

जींद। सर्दियां बढ़ने के साथ ही गौतस्करी की वारदात भी सामने आने लगी है लेकिन गौभक्तों की तत्परता के चलते शहर से गौतस्करी नही हो पा रही है। जयति-जयति हिंदू महान संगठन व गौ सेवा दल हरियाणा के संयोजक अतुल चौहान व अन्य गौभक्तों को सूचना मिली कि सफीदों बाईपास पुल के पास दिल्ली नंबर की पिकअप गाड़ी से दो गायों को ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर गौभक्त तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंच गए और पिकअप गाड़ी को काबू कर लिया। यहां पिकअप चालक से से गायों को ले जाने से संबंधित जानकारी मांगी तो वो कोई ठोस जानकारी नही दे सका। जब चालक से गायों को लेकर दस्तावेज मांगे तो वह कोई दस्तावेज भी नही दिखा सका। जब उन्होंने पिकअप में गाड़ी को देखा तो दोनों की हालत दयनीय हो चुकी थी। गौ सेवा दल हरियाणा के संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि पिकअप गाड़ी में गौतस्करी किए जाने की शिकायत पुलिस से कर दी गई है और काऊ एक्ट के तहत मामला दर्ज किए जाने की बात कही है। इस समय कड़ाके की ठंड और धुंध पड रही है। धुंध को देखते पशु तस्कर भी सक्रिय हो गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### आदर्श स्कूल जाखौली में अंग्रेजी में साक्षात्कार लिए

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जाखौली में बुधवार को अंग्रेजी में साक्षात्कार लिए गए। जिसमें कक्षा दसवीं के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साक्षात्कार के दौरान बच्चों ने पूर्ण वातालर्प अंग्रेजी माध्यम में किया। रितिका, स्नेहा, जन्नत, नैंसी, गरिमा श्वेता जसप्रीत छात्राओं ने बहुत ही उच्च कोटि का साक्षात्कार दिया। प्रधानाचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### दो युवतियों को भगाने के आरोप में दो नामजद

**कैथल।** गुहला पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती को बहला फुसला कर भगा ले गए। माजरी गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 दिसंबर को रवि सिंह नामक युवक गांव माजरी से उसकी 19 वर्षीय बेटी को शादी के झांसा देकर बहला फुसला कर भाग ले गया।

### धनौरी में नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कैथल।** बुधवार को गांव धनौरी के सरकारी स्कूल में नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मचारियों के अलावा स्कूली बच्चों तथा आमजन द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रमों की कड़ी में स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृतिक को समर्पित नाटक, गीतो व नृत्यों से प्रभाव छोड़ा। प्रोग्राम अंतर्गत वहां मौजूद आमजन व स्कूली बच्चे झूम उठे।

### सोंगल में ग्रामीणों से रूबरू हुई अनीता ढुल

**राजौंद।** महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सीकरी बुधवार को गांव सोंगल में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में लोगों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि यहां लोगों को स्वच्छ पीने का पानी नहीं उपलब्ध हो रहा, बिजली के भारी भरकम बिल आ रहे है। सरकार ने गरीब लोगों को 100-100 गज के प्लाट देने बन्द किए हुए है। गरीब लोगो को कॉलोनियां नही मिल रही हैए, गांव में अब भी कच्ची गलियां है पानी की निकासी का तो गंभीर समस्या बन चुकी है।

### चोरों ने सीवन से लाखों के बीबीयू उपकरण चुराए

**कैथल।** कस्बा सीवन से चोर मोबाइल टावर से लाखों के उपकरण चुराकर ले गए। सीवन थाना में दी गई शिकायत में कैथल के बालाजी कॉलोनी निवासी मनोज शर्मा ने बताया कि वह आरएस सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है। आरएस कंपनी ने इंडस मोबाइल टावरों की देख रेख का ठेका लिया हुआ है। इंडस कंपनी का एक टावर ओडा वाला मोहल्ला सीवन में लगा है।

### चोरों ने लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** चीका की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से चोर एक दुकान से हजार रुपए का मोबाइल चुरा कर ले गए। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चीका के रामगोपाल ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि 25 दिसंबर को दो अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान में घुसकर मोबाइल फोन चुरा कर ले गए। चुराए गए फोन की कीमत करीब 4000 बताई गई है।

### 12 पदों पर एसपीओ भर्ती प्रक्रिया 5 जनवरी को

**कैथल।** स्पेशल पुलिस अफसर (एसपीओ) के लिए कैथल जिला में रिक्त हुए 12 पदों पर भर्ती हेतू 5 जनवरी 2024 की सुबह 9 बजे पुलिस लाईन में भर्ती बोर्ड द्वारा चयन प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिसमें भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक व केंद्रीय सशस्त्र बल (सीएपीएफ) से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी, भूतपूर्व एचएसआईएफ के सिपाही तथा एचएपी बटालियन 819 के चयनित उम्मीदवार शामिल हो सकते है। एसपी उपासना की अध्यक्षता में भर्ती बोर्ड गठित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवारों की आयु 25 से 50 वर्ष के मध्य तथा शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास होनी चाहिए।

---

#### विधायक ईश्वर सिंह ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

# खरकां तथा उरलाना में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा खरकां और उरलाना में पहुंची, जहां विधायक ईश्वर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि यह यात्रा लोगों के काफी हितकारी है। अब लोगों को घर द्वार पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से समाधान भी करवाया जाता है। विधायक ईश्वर सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों पर जाकर गहनता से जानकारी प्राप्त की। विधायक ईश्वर सिंह ने गांवों में विभिन्न विकास कायोर्ं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि गांव खरकां में 1 लाख 35 हजार रुपए की लागत से शमशान घाट के रास्ते का निर्माण, 4 लाख 10 हजार रुपए की लागत से सुच्चा सिंह से अमेरिका सिंह गली निर्माण कार्य, 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से नाहर सिंह से सुखविंदर सिंह गली का कार्य, 4लाख 44 हजार रुपए की लागत से पूर्ण सिंह से गुरप्रीत, निर्मल सिंह की गली का निर्माण कार्य, 4 लाख 13 हजार रुपए की लागत से मिश्री वाले स्कूल से जरनैल सिंह की गली का निर्माण कार्य, ढाई लाख रुपए की लागत से मेन रोड से करनैल सिंह की गली, 2 लाख 2 हजार रूपए की लागत से मेन रोड से सुरेंद्र सिंह की गली का निर्माण, 2 लाख 31 हजार रुपए की लागत से केवल सिंह के घर से गुरवचन सिंह की गली का निर्माण, 2 लाख 90 हजार रुपए रुपए की लागत से गुरमेज सिंह की गली का निर्माण कार्य, 1 लाख 10 हजार रुपए से माता गुजरी गैस एजेंसी वाली गली का निर्माण, 4 लाख 90 हजार रूपए की धनराशि से मेन रोड से फुल्ला सिंह की गली का निर्माण कार्य, 3 लाख 75 हजार रूपए से प्रीत धंजू की गली का निर्माण कार्य करवाए गए।



**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह खरकां में यात्रा का अवलोकन करते हुए।

### यहां हुए निर्माण कार्य

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव उरलाना मे 19 लाख 55 हजार रुपए की धनराशि से घग्गर नहर से सादमपुर बॉर्डर रास्ते का निर्माण कार्य, 9 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि से एससी चौपाल का निर्माण कार्य, 9 लाख 9 हजार रुपए की धनराशि से एससी चौपाल के शेड, बाउंड्री वॉल पर खर्च हुई है, 1 लाख 55 हजार रुपए की धनराशि से जोगा सिंह की गली, 4 लाख 93 हजार रुपए की धनराशि से डेरा दयाल सिंह की गली, 4 लाख 95 हजार रुपए की धनराशि से डेरा जयमल सिंह की गली का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में व्यवस्था परिवर्तन कर देश को खुशहाल बनाने का किया है काम

**ढांड।** बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में व्यवस्था परिवर्तन कर देश को खुशहाल बनाने का काम किया है। आज पूरे विश्व में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हो रहा है जो हम सभी देशवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नक्शे कदम पर चलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हरियाणा प्रदेश में पर्ची और खर्ची की प्रथा को खत्म करने का काम किया है और पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान की है। बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर बुधवार को ढांड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई। मौके पर ही उज्जवला योजना के 13 लाभार्थियों को गैस सिलेंडर व चूल्हे वितरित किए। बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देकर एक मिसाल कायम की है जिसके कारण आज प्रदेश का गरीब एवं उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त युवा रोजगार प्राप्त कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है, जो सभी भाजपा सरकार की ही देन है। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि पूर्व की सरकारों में जनता सरकारी कार्यालयों के चक्कर में लगी रहती थी और किसी का भी कोई भी काम नहीं होता था लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार गांव-गांव जाकर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उनके घर द्वार पर ही लाभ दे रही है। इस अवसर पर एडीसी सुशील कुमार, नायब तहसीलदार गौरव शर्मा, बीडीपीओ अनु टांक, डीसीडब्ल्यूओ बलबीर चौहान, अनीता चौधरी, जंगशेर सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



### खेड़ी रायवाली तथा खेड़ी सिंबल गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**राजौंद।** गांव खेड़ी रायवाली तथा खेड़ी सिंबल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता तथा बीजेपी नेता कपिल दीक्षित ने शिरकत की। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता ने कहा कि इस यात्रा में गरीब लोग अपने घर द्वार पर ही योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं की पूर्ण जानकारी ग्रामीणों को मौके पर दे रहे हैं।



### गांव दिल्लोवाली व देवीगढ़ में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कैथल।** गांव दिल्लोवाली व देवीगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ। गांव दिल्लोवाली में पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन बंसी लाल ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर ही पात्र व्यक्तियों को गैस-सिलैंडर व अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। पूर्व चेयरमैन बंसी लाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही सही मायने में राष्ट्र का विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जोरों से विकास कार्य किए जा रहे हैं। लोगों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जरूरतमंद तथा गरीब व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाई जा रही है। लोगों की समस्याओं का निपटान यात्रा के दौरान किया जा रहा है। इस मौके पर डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, संजीव कांगड़ा, बीरभान, नारायण दत्त, डॉ. जगदीश लांबा, सुरजीत, अनुराग दत्त, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

नगर के पुंडरी रोड पर स्थित श्री पार्श्वनाथ स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतियोगिता को दो भाग जिसको सीनियर व जूनियर विंग में विभाजित किया गया। खेलों में जूनियर विंग ने जलेबी खाओ प्रतियोगिता, नींबू रेस, थ्रो लेग रेस, बैलून रेस व 100 मीटर रेस में सीनियर विंग में एथलेटिक्स खेल 100 मीटर रेसए 200 मीटर रेस, रिले रेस, कुश्ती, क्रिकेट, कबड्डी का मैच शामिल रहे।

दो दिवसीय खेलों का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर कुलविंदर राणा व कमल राणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान स्कूल प्रबंधक रमेश राणा व चेयरमैन राजीव अग्रवाल ने कहा कि खेलों से बच्चों का सभी अनुशासन धैर्य शक्ति आदि गुनों को ग्रहण करते हैं।

खेल जहां मनोरंजन का उत्तम साधन वही इसके साथ.साथ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को समय.समय पर खेलो में भाग लेते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी को हार व जीत की परवाह न करते हुए खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने बताया कि श्री पाश्र्वनाथ स्कूल कुश्ती खेल नर्सरी का भी संचालन कर रहा है। इस दौरान स्कूल स्टाफ में रणबीर राविश, दलजीत कौर, सुमन रवीश, अनिल कुमार, सुनील दत्त, रविंदर कौर व आशु राणा सहित मौजूद थे।



**राजौंद।** श्री पार्श्वनाथ स्कूल में खेलों का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्य।

# जरूरतमंदों व खिलाड़ियो को बांटी जर्सियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाई

बुधवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाई में जरूरतमंद बच्चों व खिलाड़ियो को जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल राजपाल राविश व सरपंच प्रतिनिधि नरेश पाई ने की तथा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वतंत्र समूह सेवा समिति के प्रधान कृष्ण श्योकंद पहुंचे व मंच का संचालन विष्णु शर्मा ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमन्द छात्रों को जर्सी वितरित करना था।इसके अलावा कार्यकर्म में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन,हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन व सीवाएसपी के सदस्य भी शामिल रहे। इस मौके पर सेवा समिति की तरफ से 180 जरूरतमंद छात्रों व खिलाड़ियों को जर्सी भेंट की गई व विद्यालय के पुस्तकालय में ज्ञानवर्धक पुस्तके दी गई। सेवा समिति के चैयरमैन श्री प्रदीप मोर ने भी छात्राओं को अपना शुभ संदेश दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आश्वासन दिया किया आगे भी जरूरतमन्द छात्र व छात्राओं की मदद के लिए सेवा समिति हमेशा तैयार रहेगी। इस अवसर पर सेवा समिति के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की प्रसंशा करते हुए सभी अध्यापकों को उनकी लग्न, मेहनत और निष्ठा के लिए बधाई दी।



**पाई।** खिलाड़ियों को जर्सियां बांटते पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### 1800 बच्चों को चश्में वितरित किए

हसला कैथल के जिला प्रधान जितेंद्र करोडा ने बताया की समिति का उद्देश्य शिक्षा स्वास्थ और खेलों मे जरूरत मंद की आवश्यकता पूरी करना है। समिति ने अब तक 1800 बच्चों को मैडिकल कैम्प लगाकर चश्में वितरित किए गए हैं व 500 बच्चों को जर्सियां वितरित की गई है और चार गांवो मे लाइब्रेरी मे पुस्तक उपलब्ध करवाई गई है। जो बच्चे पढ़ाई में अव्वल है परन्तु साधनों की कमी से आगे नहीं बढ़ सकते उन बच्चों को भी आर्थिक सहायता देकर मदद की जाती हैं। इस अवसर पर ईश्वर ढांडा, जितेन्द करोड़ा, भाग सिंह खनौदा, राजेश नैन, राजकुमार ढुल, राजपाल नैन, रामनिवास, मुकेश व्यास, हरपाल माजरा आदि उपस्थित रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग

- **जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले समस्त समाज ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल में आज जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह सैनी की अध्यक्षता में अमरगढ़ गामड़ी स्थित सैनी धर्मशाला में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष गुरनाम सिंह सैनी, संयोजक रौनक गिरी महाराज, महासचिव आर्य नरेश तंवर, उपाध्यक्ष रामफूल शर्मा सहित समस्त समाज के लोग उपस्थित रहे। इसके बाद सभी प्रदर्शन करते हुए कैथल सचिवालय पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कैथल सी.टी.एम. को ज्ञापन सौपा। इससे पहले उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समिति के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सैनी ने कहा कि भारत की जनसंख्या अबाध गति से बढ़ रही है। संसाधनों व जनसंख्या के बीच मेल नहीं है, जिससे अस्थिरता पैदा हो रही है। भारत में आबादी दो गुनी रफतार से बढ़ रही है, परिणाम स्वरूप प्रत्येक 25 वर्ष बाद जनसंख्या दोगुनी हो जाती है। संयुक्त राष्टद्दरसंघ के जनसंख्या प्रकोष्ठ ने 2027 में एक रिपोर्ट जारी की थी कि अगले 7 साल में भारत चीन से जनसंख्या के मामले में आगे निकल जाएगा और भारत के सामने लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की भारी किल्लत खड़ी हो जाएगी।



**कैथल।** जनसंख्या नियंत्रण को लेकर विचार विमर्श करते जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति। *फोटो: हरिभूमि*

### कठोर बिल लाया जाए

समिति उपाध्यक्ष रामफूल शर्मा ने कहा कि समिति का मानना है कि जागरूकता अभियान शिक्षा का स्तर बढ़ाने, गरीबी खत्म करने, परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करने से काम नहीं चलेगा। अतः हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह करते हैं कि भारत देश में जनसंख्या नियंत्रित करने व सभी धर्मों में संतुलन रखने के लिए कठोर बिल लाया जाए ताकि देश में जनसंख्या विस्फोट न हो। मौके पर बलदेव तितरम, सोनू सरपंच खानपुर, संजीव सजूमा, पार्षद लीलू सैनी, पार्षद रामफल सैनी, हरिकिशन सैनी, जग्गा सैनी, केशा राम प्योदा, मोहन लाल सैनी, एडवोकेट दिनेश पाठक आदि शामिल थे।

# सत्ता के जरिये व्यवस्था परिवर्तन करना उनका सपना हैः ढुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी हलके से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सज्जन सिंह ढुल ने कहा कि अब प्रदेश में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे है। पाई अपने निवास पर कार्यकर्ताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से जनता बहुत दुखी हो चुकी है और कांग्रेस पार्टी की तरफ आस लगाए बैठी है।

बता दें कि पूंडरी हलके से 2005 में कांग्रेस पार्टी और दूसरा चुनाव 2009 इनेलो पार्टी से चुनाव लड़ा था। उसके बाद वे लगातार हलके की जनता के दुख सुख में रहे। मंगलवार को चौ सज्जन ढुल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में दिल्ली में एक बार फिर कांग्रेस में अपनी आस्था व्यक्त की है। चौ सज्जन सिंह ढुल ने वर्ष 2005 में बिजली निगम के एससी के पद से वीआरएस लेकर राजनीति में आए थे।



**पूंडरी।** सज्जन ढुल दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### सभी दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में होने चाहिए सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यापक इंतजाम


# ओवर स्पीड चलाने वाले वाहन चालकों के हो चालान

- **डीसी प्रशांत पंवार ने विभिन्न विभागों की ली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में जिला में कमी आई है। सड़क सुरक्षा को लेकर जो भी इंतजाम नियमित रूप से किए जाने होते हैं, उन्हें समयबद्ध करें। ओवर स्पीड चलाने वाले वाहन चालकों के चालान किए जाएं। सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निवारण होना चाहिए। जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण का कार्य चल रहा है, जो तालाब बचे हैं, उन पर भी जल्द कार्य पूरा किया जाए।

डीसी प्रशांत पंवार बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेने के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला में जितने भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं, वहां पर साईन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। धुंध के सीजन में जिन सड़कों पर सफेद पट्टियां नहीं है, वहां सफेद पट्टियां तुरंत लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ जो सफेद पट्टियां पहले से लगा दी गई हैं, उन्हें भी दुरूस्त रखा जाए।



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करे हुए।

### जिले में टीबी के कुल 975 मरीज

डीसी ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमित रूप से बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करते रहे। जिले में टीबी के कुल 975 मरीज हैं, जिन्हें समय पर किट व वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसके साथ-साथ निक्षय मित्र भी बनाए गए हैं। पीएनडीटी एक्ट की पालना सख्ती से होनी चाहिए। सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर पैनी नजर बनाकर रखें। अगर कहीं पर लिंग जांच की सूचना मिलती है तो तुरंत छापेमार कार्रवाई अमल में लाई जाए। संबंधित विभाग तालमेल करके इस व्यवस्था को यूहीं निरंतर जारी रखें। पशुपालन विभाग गऊशाला में सभी गौवंश की टैगिंग करवाना सुनिश्चित करें। शिव धाम योजना के तहत श्मशान घाटों में चार दिवारी, शैड, रास्ते व पीने के पानी का समुचित प्रबंध होना चाहिए। इस मौके पर एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कुलधीर सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, आरटीए गिरिश कुमार,डीडीपीओ कंवर दमन, तहसीलदार दिनेश, जीएम रोडवेज अजय गर्ग, सीएमजीजीए श्रुति शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, डीईओ रविंद्र चौधरी, कार्यकारी अभियंता प्रशांत ग्रोवर, आरके नैन, सतपाल, सचिव रामजी लाल, कार्यकारी अधिकारी रवि ऑबरॉय, अन्नू टोंक आदि मौजूद रहे।

### गुरु नानक स्कूल में बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया साहिबजादों का शहीदी दिवस

- **साहिबजादों की शहादत भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है : रीतू बंसल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

गुरु नानक पब्लिक हाई स्कूल फरल में शहीदी दिवस बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में एक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्या रितू बंसल ने की। जिसमें मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक सरदार विक्त्रमजीत सिंह व सतिंद्र सिंह ने भाग लिया। प्रबंधक विक्त्रमजीत सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहां कि शहीदी दिवस गुरु गोविंद के चार साहिबजादों की याद में मनाया जाता है। साहिबजादों की शहादत भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। जिन्होंने इतनी कम उम्र में मुगलों का सामना करते हुए अपने धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। ऐसे महान वीरों को हमें हमेशा याद रखना चाहिए व समय आने पर अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहना चाहिए।



**पूंडरी।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## खबर संक्षेप

### मकान का टूटा ताला नकदी व जेवर चोरी

**जींद।** हाउसिंग बोर्ड में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 60 हजार रुपये की नगदी तथा सोना व चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। परिवार के लोग कार्यवश बाहर गए हुए थे। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश परिवार समेत बाहर चला गया था।

### रेलगाड़ी से यात्री का बैग चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** रेलगाड़ी में गुजरात से पंजाब जा रहे यात्री के बैग को किसी व्यक्ति ने जींद तथा नरवाना रेलवे स्टेशन के चोरी कर लिया। बैग में जरूरी कागजात व सामान था। रेलवे पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जामनगर गुजरात निवासी रविराज ने रेलवे पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह साबरती से मोरिंडा पंजाब के लिए रेलगाड़ी में सवार हुआ था।



### 12 बोर के अवैध देसी कट्टे सहित गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत सीआईए-1 पुलिस द्वारा पाडला क्षेत्र से एक आरोपी को काबु किया गया है। जिसके कब्जे से 12 बोर का अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एचसी तरसेम सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान गांव गढ़ी बस अड्डा के पास मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की पाडला निवासी राहुल उर्फ चोटे वाला अभी पाडला से छौत सड़क पर खड़ा है, नाजायज असला लिए हुए है।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सीएमओ डा. गोपाल गोयल।



हड़ताल के चलते खाली पड़ा हड्डी रोग विशेषज्ञ का कमरा।



हड़ताल के चलते खाली पड़ा ओपीडी पर्ची काउंटर।



उपचार करता हुआ सेवानिवृत चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक रहे हड़ताल पर

## बीएमएस, एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों ने संभाली व्यवस्था, विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से हुई परेशानी

- एसोसिएन ने चिकित्सकों से ओपीडी न करने के लिए कहा, उठाया, फिर बैठे
- आम दिनों की अपेक्षा तीन गुणा ओपीडी हुई कम
- जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी तथा पोस्टमार्टम सेवाएं रखी बहाल
- मांगे पूरी न हुई तो 29 को होगी इमरजेंसी व पोस्टमार्टम सेवाएं बंद
- उपचार के लिए लोगों को रहा इमरजेंसी का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों ने बुधवार को हड़ताल रखी। हालांकि इस दौरान जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया जबकि किसी भी चिकित्सक ने ओपीडी नही की। हालांकि व्यवस्था के लिए बीएमएस, एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों के सहारे कमान संभालने का प्रयास किया गया लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों के न मिलने से मरीजों व उनके तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केवल गंभीर मरीजों को ही इमरजेंसी में उपचार मिल पाया और वहां भी लोगों की भीड़ रही।



जींद। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर हड़तालरत चिकित्सक ट्रेनिंग सेंटर में बैठक करते हुए।

### हड़ताल के बावजूद निभाया नैतिक फर्ज

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सकों ने अपने नैतिक फर्ज को समझा है। सभी अस्पतालों में इमरजैंसी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया है। आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।

**बीएमएस, एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों के सहारे संभाली व्यवस्था :** चिकित्सकों के हडताल पर रहने के चलते वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बीएमएस व एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों को ओपीडी के लिए अस्पतालों में बुलाया गया। एसोसिएशन को जैसे ही पता चला तो उन्होंने इन चिकित्सकों को काम करने के लिए मना किया। एसोसिएशन पदाधिकारियों के जाने के बाद फिर से चिकित्सक बैठ गए। चिकित्सकों को उठाने व उनके फिर बैठने का क्रम पूरा दिन चलता रहा। हालांकि विशेषज्ञ चिकित्सक न होने के चलते आमजन को परेशानी हुई। जिसके चलते मरीजों का सारा भार इमरजेंसी पर आया।

### इमरजेंसी वार्ड के आगे रही लोगों की भीड़

जिला में वैसे ही चिकित्सकों की भारी कमी है बावजूद इसके जितने भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक उपलबध हैं वो भी हड़ताल पर चले गए तो लोगों को उपचार के लिए भटकना पड़ा। हालांकि केवल इमरजैंसी सेवाएं ही बहाल रखी गई और पूरा दिन इमरजैंसी वार्ड के सामने उपचार को लेकर लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

### ट्रेनिंग सेंटर में चिकित्सकों की हडताल

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाभर के चिकित्सक नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग सेंटर में एकत्रित हुए और पूर्व निर्णयानुसार हड़ताल रखी। हड़ताल को लेकर एसोसिएशन सदस्यों द्वारा पहले ही सीएमओ डा. गोपाल गोयल को अवगत करवा दिया गया था। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा केवल इमरजेंसी और पोस्टमार्टम सेवाएं ही दी गई। एचसीएमए एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा, डा. संदीप लोहान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. देवेंद्र कुमार बिंदलिश ने बताया कि नागरिक अस्पतालों में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की भर्ती करने, जनसंख्या के हिसाब से अधिक से अधिक चिकित्सकों की भर्ती की जाए। एसीपी का चार बार लाभ दिया जाए लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है।

### तीन गुणा ओपीडी हुई कम

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बेड का है। यहां प्रतिदिन 1500 तक की ओपीडी होती है। सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर 1800 तक पहुंच जाती है। बुधवार को बहुत कम संख्या में मरीज पहुंचे और पूरे दिन की ओपीडी केवल 618 रही। आम दिनों की अपेक्षा तीन गुणा कम लोग ही अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। अस्पताल में उपचार के लिए आई रेखा ने बताया कि उसकी पैर की हड्डी में दर्द है लेकिन चिकित्सक हडताल पर हैं। अब उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाना होगा।

## ओपीडी बंद रहने से भटकते रहे यात्री

- मरीजों को इलाज न होने पर बेबस होकर वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के बैनर के नीचे बुधवार को स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सरकारी चिकित्सकों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक दिन की हड़ताल की। इस हड़ताल के कारण सुबह से लेकर दोपहर तक सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी पूरी तरह से बंद रही। इस दौरान न तो ऑपरेशन हो पाए और न ही सामान्य दिनों की तरह मरीजों को सरकारी अस्पताल में इलाज मिल पाया। जिले में करीब 79 सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्कस कार्यरत हैं। यह सभी ही बुधवार को हड़ताल पर रहे। इस दौरान चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में पहुंच और ओपीडी कक्ष में बैठे बिना ही रोष जताया। हड़ताल के कारण अस्पताल में पहुंचे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। यहां पर मरीजों को इलाज न होने पर बेबस होकर वापस लौटना पड़ा। इस दौरान मरीजों ने प्रयोगशाला में अपने सैंपल तो दिए, लेकिन चिकित्सकों की हड़ताल के चलते वे अपना इलाज नहीं करवा पाए। ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को चिकित्सकों की सुविधा नहीं मिल पाई। अब चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने की स्थिति में 29 दिसंबर को आपातकालीन सेवाएं भी बंद करने की चेतावनी दी है। मरीजों का कहना है कि उन्हें पहले तो कोई जानकारी नहीं दी। अब अस्पताल आकर पता चला कि चिकित्सकों ने हड़ताल कर रखी है।



कैथल के नागरिक अस्पताल में ओपीडी करवाते मरीज। फोटो : हरिभूमि

### 29 को आपातकालीन सेवाएं भी करेंगे बंद

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के प्रधान सचिन मांडले ने बताया कि एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर बुधवार को सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने एक दिन की हड़ताल की। अब यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानी तो 29 दिसंबर को आपातकालीन सेवाएं भी पूरी तरह से बंद कर दी जाएंगी। इस मौके पर उनके साथ डॉ. राजीव मित्तल, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. कविता गोयल, डॉ. आशीष, डॉ. विनय गुप्ता आदि चिकित्सक मौजूद थे।

### मेडिकल के लिए भटकते दिखे युवा

इस समय कई भर्तियों के रिजल्ट केंद्र सरकार द्वारा घोषित किए गए हैं। जिनका चयन हुआ है वो संबंधित अस्पतालों में मेडिकल करवा रहे हैं। बुधवार को हडताल के चलते चिकित्सकों ने काम नही किया। जिसके चलते मेडिकल करवाने आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। युवा राजेश व कर्मजीत ने बताया कि उनका सिलेक्शन केंद्र सरकार की सेवा में हुआ है। वो मेडिकल करवाने के लिए आए थे लेकिन चिकित्सक हडताल पर हैं। अब उन्हें वीरवार को फिर से अस्पताल आना होगा।

### इमरजेंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाओं को सुचारू रखा : सीएमओ

चिकित्सकों की हड़ताल को लेकर जानकारी उच्च अधिकारियों को उपलब्ध करवा दी गई हैं। अस्पताल में इमरजैंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाओं को सुचारू रखा गया है। इसके अलावा बीएएमएस व एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों ने उपचार किया है। उन्होंने स्वयं अस्तपताल का दो से तीन बार दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया है।

-डॉ. गोपाल गोयल, सीएमओ



जींद। नायब तहसीलदार अजय कुमार को ज्ञापन सौंपते। फोटो : हरिभूमि

### 28 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**जींद।** ऑल ड्राइवर इंडिया कल्याण संघ ने देश व प्रदेश के चालकों की 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रधान नरेंद्र बुआना की अध्यक्षता में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम लघु सचिवालय में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने मांग की है कि देश के 22 करोड़ चालकों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय चालक आयोग व प्रदेश चालक आयोग का गठन किया जाए। एक सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस घोषित कर कैलेंडर में लागू किया जाए। व्यवसाय चालकों की तीन साल बाद ली जाने वाली नवीनीकरण की प्रक्रिया पांच साल निर्धारित की जाए, राष्ट्रभर में अगर व्यावसायिक चालक दुर्घटना में अपंग हो जाता है तो दस लाख रुपये मुआवजा व मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का प्रावधान किया जाए। निगमों व सरकारी संस्थानों में ठेका व आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे चालकों को समान वेतन समान काम के तहत नियमित किया जाए, पेंशन योजना की तरह व्यवसाय चालकों के लिए भी 60 वर्ष की आयु के बाद 10 हजार रुपये पेंशन निर्धारित की जाए।



कैथल। आरएसओ के साथ वाहनों पर रिफलेक्टर लगाने की शुरूआत करते डीएसपी उमेद सिंह। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैफिक पुलिस व आरएसओ टीम द्वारा वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर टेप

**कैथल।** बुधवार की सुबह थाना यातायात पुलिस तथा आरएसओ की टीम द्वारा सडको पर आने-जाने वाले वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए है, ताकि धुंध व कोहरे के मौसम दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के दिशा-निर्देश अंतर्गत बुधवार की सुबह डीएसपी उमेद सिंह, ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार व आरएसओ टीम के रलदु राम, श्याम बहादुर खुरानिया, शीतल भारद्वाज, राजु डोहर, व अन्य आरएसओ टीम द्वारा पेहवा चौक कैथल पर थ्री व्हीलर, ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक, कार सहित वाहनों पर लाल, पीली व सफेद रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। इसके अतिरिक्त सभी वाहन चालकों को धुंध के मौसम के दौरान सावधानियां बरतते हुए अपने वाहन धीमी गति में चलाने को जागरूक किया गया।



राजौंद। नगर के असंध मार्ग नगर पालिका कार्यालय के पास पाइप लाइन टूटने से सड़क पर भरे से विरोध करते हुए नगर के लोग व दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### पाइपलाइन टूटने से सड़क पर पानी भरा

**राजौंद।** नगर के असंध मार्ग नगर पालिका कार्यालय के पास जन स्वास्थ्य विभाग की पुरानी हो चुकी पाइपलाइन टूटने से पानी सड़क पर भर गया। जिसे लेकर लोगों ने जमकर रोष प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि है कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैथल असंध मार्ग पर कंडम हो चुकी पाइप लाइन आएं दिन टूटने से लोगों का जीना दुश्वार करके रख दिया है। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर लंबी तानकर सोया हुआ है। जबकि संबंधित विभाग द्वारा बार.बार आश्वासन दिया गया की पाइपलाइन जल्दी ही बदल दी जाएगी। कंडम हो चुकी पाइप लाइन के आए.दिन टूटने से दुकानदार व वाहन चालकों के साथ.साथ आम लोगों को यहां से गुजरना किसी खतरे खाली नहीं रहा। कई बार वाहन चालक सड़क टूटी होने के कारण इस पानी की वजह से चोटिल भी हो चुके हैं। बार.बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को अवगत करवाया जा चुका है।



जींद। गोल्ड मेडल विजेता तनीषा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्रा तनीषा ने हैंडबाल में जीता गोल्ड

**जींद।** गत 16 से 20 दिसंबर तक वाराणसी उत्तर प्रदेश में जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप आयोजित हुई। इस चैंपियनशिप में हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्रा कुमारी तनीषा ने भाग लिया व गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका उपासना गर्ग व शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका मीना मलिक ने खिलाड़ी को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज समिति के प्रबंधक डा. अंशुल सिंगला व प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्रा के उ'जवल भविष्य की कामना की और इसी तरह प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

### चोरों ने तीन बाइकों को बनाया निशाना

**कैथल।** कैथल के पुराना बस अड्डा के सामने से चोर एक बाइक चुरा कर ले गए। रेलवे गेट तहसील रोड कैथल के हरीश कुमार ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में रोक लगाया है कि 21 दिसंबर को चोर पुराना बस अड्डा के सामने से उसकी बाइक चुराकर ले गए। चुराए गए बाइक की कीमत करीब 15000 बताई गई है। हेड कांस्टेबल विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पिंजूपुरा के राजवीर ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 25 दिसंबर को कलायत के कुलवंत नगर से उसकी बाइक चुरा कर ले गए। चुराए गए बाइक की कीमत करीब 45000 बताई गई है। एएसआई बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरे सतीश ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 21 दिसंबर को कस्बा ढांड से उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल धनपत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### श्रम विभाग के प्रधान सचिव ने वीसी के माध्यम से ली अधिकारियों की बैठक

# जींद मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के प्रधान सचिव एवं जींद जिला के प्रशासनिक सचिव राजीव रंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला से संबंधित सभी सीएम विंडों व अन्य ऑनलाईन शिकायतों का निपटारा अधिकारी प्राथमिकता से पूरा करवाएं। संबंधित विभागों के अधिकारी मिलने वाली शिकायतों का समाधान अपने स्तर पर ही करने का प्रयास करें, अपर स्तर की शिकायतों को ही मुख्यालय को भिजवाने का कार्य करें। प्रधान सचिव बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। प्रधान सचिव ने परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, मेरा पानी- मेरी विरासत, सीएम विंडो समेत केंद्र एवं रा'य सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में आई त्रुटियों को दुरूस्त करने को लेकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी सरकारी योजना के लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समाधान हो जाता है लेकिन इसका अपडेट नहीं करवाया जाता है भविष्य में शिकायत के समाधान के बाद इसे अपडेट करना सुनिश्चित करें।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### निर्माण तय समय में करवाया जाए पूरा

श्रम विभाग के प्रधान सचिव एवं जींद के प्रशासनिक सचिव ने जींद जिला की विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जींद शहर के निकटवर्ती गांव हैबतपूर के पास मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्दी पूरा करें। 24 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस मैडिकल कॉलेज की ओपीडी को अगले वर्ष मार्च तक चालू किया जाएगा इसलिए इसके निर्माण में और तेजी लाकर इसको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जींद शहर को नहरी आधारित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने को लेकर बड़ी विकास परियोजना को भी सिरे चढ़ाया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा इसका नींव पत्थर रखा गया है। वाटर टैंक बनाने के लिए शहर के आसपास के गांवों में जमीन भी चिहिन्त की जा चुकी है। इसलिए इस कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा करवाएं। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा, जींद-रोहतक रोड, जींद-गोहाना ग्रीन फिल्ड हाईवे, दिल्ली-कटरा हाईवे, एचएसआईडीसी, पोस्को, राजस्व, जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सभी विभागों के द्वारा किए जा रहे कायाे् की समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने प्रधान सचिव को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना की जाएगी और आगामी बैठक तक सीएम विंडों की ओवर डयूज शिकायतों का निपटान कर दिया जाएगा।